संग गोपियन रास रचाये | By Bharat Sharma

संग गोपियन ......
संग गोपियन रास रचाए कान्हा जी वृंदावन में....2
छेड़े सबको बाज ना आए हो हो हो....
छेड़े सबको बाज ना आए , कान्हा जी वृंदावन में
संग गोपियन रास रचाए ......

मधुर मुरलिया कान्हा बजाई
राधा दौड़ी- दौड़ी आई
दौड़ी- दौड़ी आई, राधे रानी दौड़ी आई....2
मीठी मीठी सी......
मीठी मीठी सी तान सुनाएं, कान्हा जी वृंदावन में
संग गोपियन रास रचाए ......

भर पिचकारी कान्हा ने मारी
रंग दी राधे सारी की सारी
रंग दी राधे सारी की सारी....
मास फागुन में.....
मास फागुन में धूम मचाए, कान्हा जी वृंदावन में
संग गोपियन रास रचाए ......

धाम अपार वृंदावन न्यारा
भारत शर्मा की आंख का तारा
वृंदावन न्यारा सबसे प्यारा.....
धाम अपार वृंदावन न्यारा
भारत शर्मा की आंख का तारा
संग राधा के दर्श दिखाएं, कान्हा जी वृंदावन में
संग गोपियन रास रचाए.......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%a8-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%b0%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-by-bharat-sharma/